मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-451
31/08/2023

# मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन के पावन अवसर पर वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा एवं वृक्षारोपण किया

पटना, 31 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के पावन अवसर पर आज पटना स्थित राजधानी वाटिका–2 में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा तथा इस अवसर पर राजधानी वाटिका में मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।

विदित हो कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा–बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने ''बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस'' का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक–से–अधिक वृक्षारोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है। जल–जीवन–हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण एवं जीव–जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, पूर्व विधान पार्षद श्री रामचन्द्र भारती, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती वंदना प्रेयसी, पटना प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, जदयू नेता श्री ओम प्रकाश सेतु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******